देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 57 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...सरकार हो या बस



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 27 मई 2020



मौसम अधिकतम 39.0⁰ न्यूनतम 25.0⁰

30609.30

2 कोरोना तो केवल झांकी हैः डिप्टी डायरेक्टर

7 मौजूदा माहौल वास्तविकता से परे

# लॉकडाउन फेल, मोदी दें प्लान बी'

## राहुल गांधी ने कहा- अब आगे की रणनीति बताए मोदी सरकार

लोगों के हाथ में सीधे पैसा पहुंचाने की कर रहे डिमांड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लॉकडाउन के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को चौथी बार पत्रकारों से बात की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कहा कि लॉकडाउन पूरी तरह से फेल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उम्मीद थी कि कोरोना 21 दिन में कंट्रोल हो जाएगा। मगर 60 दिन हो चुके हैं और केसेज बढ़ते जा रहे हैं। भारत उन देशों में से हैं जहां कोरोना सबसे तेजी से फैल रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पीएम और उनके एडवायजरी स्टाफ ने ये उम्मीद नहीं की थी कि ऐसा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान पहला ऐसा देश है जो बीमारी के बढ़ते वक्त लॉकडाउन खत्म कर रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि लॉकडाउन के 4 स्टेज फेल हो चुके हैं, ऐसे में मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि आगे के लिए उसकी क्या रणनीति है। मजदूरों के लिए क्या व्यवस्थ्था है? सरकार कहती है कि GDP का 10 प्रतिशत पैकेज के रूप में दिया है मगर असल में 1 पर्सेंट ही मिला है। मजदूरों से मुलाकात पर राहुल गांधी ने कहा कि जब मैं उनसे मिला तो कुछ ने कहा कि हमारा भरोसा टूट गया। राहुल ने कहा कि मुझे किसी के मुंह से यह सुनना पसंद नहीं, चाहे अमीर हो या गरीब। सरकार अभी भी उनकी मदद कर सकती है।

चीन और नेपाल के साथ सीमा विवाद पर राहुल गांधी ने सरकार से ट्रांसपेरेंसी की डिमांड की। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जो भी हुआ, उसके बारे में सरकार को साफ-साफ बताना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में प्रवासी मजदूरों के लिए बसों से जुड़े विवाद पर राहुल ने कहा कि लोग पहले भारतीय हैं और फिर वे राज्यों के। कोई किस राज्य से कहां जाकर काम करेगा, यह किसी राज्य का मुख्यमंत्री नहीं तय करेगा।

### विदेश की ना सोचे भारत सरकार



राहुल ने कहा कि फरवरी में जो चेतावनी मैंने सरकार को दी थी, वही आज भी कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा काम देश की समस्याओं के बारे में सरकार को आगाह करना है। उन्होंने कहा कि मेरे कुछ जानने वाले पॉलिसीमेकर्स बताते हैं कि सरकार सोचती है कि अगर बहुत सारा पैसा गरीब लोगों को दे दिया तो बाहर के देशों में गलत इम्प्रेशन चला जाएगा, हमारी रेटिंग खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की शक्ति की रक्षा करने की जरूरत है। इसके लिए 50 फीसदी लोगों को डायरेक्ट कैश देना होगा। महीने का साढ़े सात हजार रुपये देना होगा।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस भी सरकार में, कोरोना पर क्या बोले राहुल?

महाराष्ट्र में कांग्रेस की गठबंधन सरकार है। वह देश का सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है और 50 हजार से ज्यादा केसेज हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वेल-कनेक्टेड जगहों पर कोरोना ज्यादा फैल रहा है। हम महाराष्ट्र में सरकार की मदद कर रहे हैं मगर फैसले पूरी तरह से हमारे हाथ में नहीं। सरकार चलाने और सरकार को समर्थन देने में फर्क होता है। महाराष्ट्र अपनी कनेक्टिविटी के नेचर की वजह से संघर्ष कर रहा है। उसे भारत सरकार से पूरे समर्थन की जरूरत है।

# चीन के बराबर होगी सैनिकों की तैनाती

## रक्षा मंत्री, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों की महामीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ तनावपूर्ण माहौल के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और तीन सेनाओं के प्रमुखों के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग में एलएसी के जमीनी हालात की समीक्षा की गई और आगे रणनीति पर विचार किया गया।

सूत्रों ने बताया कि चार घंटे से ज्यादा वक्त तक महामंथन हुआ जिसमें रक्षा मंत्री ने चीन की तरफ से सैनिकों की संख्या बढ़ाने पर भारत की प्रतिक्रिया का खाका पेश किया। इस महामंथन के दौरान स्पष्ट कर दिया गया कि संघर्ष विराम के लिए बातचीत तो चलती रहेगी, लेकिन भारतीय सेना वहां अपनी संप्रभुता से बिल्कुल भी समझौता नहीं करते हुए अपनी पकड़ कायम रखेगी। मीटिंग में यह भी फैसला हुआ कि इलाके में सड़क निर्माण का काम चलते रहना चाहिए और भारत अपना सैन्य दल-बल चीन के मुकाबले बढ़ाता रहेगा। भारतीय सेना और चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर हालात सामान्य करने के लिए कई बार मीटिंग हो चुकी है। हालांकि, सोमवार तक इसमें कोई कामयाबी नहीं मिली। उससे पहले रविवार को भी मीटिंग हुई थी, लेकिन सूत्रों के मुताबिक कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। संभव है कि आगे क्षेत्रीय कमांडरों के स्तर पर और भी मीटिंगें हों।

### एलएसी पर तनाव के बीच आज से कमांडर्स कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली। लद्दाख में भारत और चीन के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच बुधवार से दिल्ली में आर्मी के सभी कमांडरों की 3 दिवसीय कॉन्फ्रेंस शुरू होने वाली है। 27 से 29 मई तक साउथ ब्लॉक में कमांडर्स कॉन्फ्रेंस होगी। यह साल में दो बार होती है। अप्रैल में होनी थी पर कोरोना की वजह से तब नहीं हो पाई थी। एक आर्मी ऑफिसर ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का चीन बॉर्डर पर चल रही तनातनी से कोई लेना नहीं है। यह कॉन्फ्रेंस पहले से तय थी।

## उद्धव सरकार तो अपने से गिर जाएगीः फडणवीस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार पर आरोप लगाए हैं कि वह केंद्र से मिली मदद को खर्च नहीं कर रही है। फडणवीस ने कहा कि हमें समझ में नहीं आता कि इस सरकार की प्राथमिकता क्या है। उद्धव जी को साहसी फैसला लेना चाहिए। देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कोई भी महाराष्ट्र सरकार को गिराने की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि अपने बोझ के कारण यह सरकार खुद ही गिर जाएगी। दूसरी तरफ बीजेपी नेता नारायण राणे की ओर से राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग किए जाने के बाद से ही महाराष्ट्र में सियासी भूचाल आया हुआ है। इन सब घटनाक्रम के बीच मंगलवार सुबह शरद पवार ने बयान जारी कर कहा कि उद्धव सरकार के ऊपर कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की मदद से सरकार स्थिर है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बातचीत में कहा है कि सरकार के ऊपर कोई खतरा नहीं है।

# विदेशी जमातियों पर कसा शिकंजा

■83 के खिलाफ 20 पूरक चार्जशीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निजामुद्दीन मरकज केस में दिल्ली पुलिस ने विदेशी जमातियों के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। दिल्ली के साकेत कोर्ट में पुलिस तबलीगी जमात के 83 विदेशी सदस्यों के खिलाफ 20 सप्लिमेंट्री चार्जशीट यानी पूरक आरोपपत्र दाखिल कर रही है।

पूरक आरोप पत्र में इनके खिलाफ 5 धाराओं के तहत चार्ज किया गया है। दरअसल जब तक कोई आरोप पत्र न हो तब तक विदेशियों को देश में नहीं रोका जा सकता। इसीलिए दिल्ली पुलिस ने उन पर और शिकंजा कस दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्य चार्जशीट तबलीगी जमात के मुखिया मौलान साद और उनके सहयोगियों के खिलाफ है। विदेशी जमातियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र में पुलिस ने उन पर वीजा नियमों के उल्लंघन समेत गंभीर आरोप लगाए हैं। उन पर टूरिस्ट वीजा पर भारत आने और मजहबी गतिविधियों में शामिल होकर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है। इसके अलावा उन पर धारा 144 के उल्लंघन का भी आरोप है। उनके ऊपर धारा 188 के खिलाफ भी आरोप जोड़े गए हैं। महामारी ऐक्ट की धारा 217 के खिलाफ भी आरोप जोड़े गए हैं। दिल्ली में बड़ी तादाद में विदेशी जमाती कोरोना पॉजिटिव मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना की रेकॉर्ड रफ्तार जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में हर रोज कोरोना की संख्या रेकॉर्ड तोड़ रही है। महाराष्ट्र में कोरोना से सबसे ज्यादा बुरा हाल है। राजधानी दिल्ली में कोविड-19 मरीजों की संख्या डरा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार अब तक 1,45,380 लोग कोविड-19 से प्रभावित हुए हैं जबकि 60,491 लोग इस जानलेवा बीमारी से ठीक होकर घर जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में देश में करोना के 6,535 नए केस मिले हैं जबकि 146 लोगों की मौत हुई है। कोरोना के कारण 4,167 लोगों की मौत भी हुई है।

### पश्चिम बंगाल में 28 मई से शुरू होंगी घरेलू फ्लाइट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पश्चिम बंगाल में गुरुवार से घरेलू विमान सेवा शुरू हो जाएगी। ममता बनर्जी सरकार ने फ्लाइट से राज्य में आने वाले यात्रियों के लिए नियम बनाया है। इसके तहत जो यात्री विमान से पहुंच कर प्रदेश में ही रहने वाले हैं उन्हें 14 दिनों तक खुद के स्वास्थ्य की निगरानी रखनी होगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर उन्हें सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म भी भरना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए गाइडलाइन जारी की है।

### हिमांशु राज बने टॉपर, थर्ड टॉपर जूली को लड़कियों में पहला स्थान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बिहार। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति यानि बिहार बोर्ड की 10वीं (मैट्रिक) की परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर चुका है। बिहार के शिक्षा मंत्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा ने 12.30 बजे रिजल्ट जारी किया। रोहतास के जनता हाई स्कूल के हिमांशु राज ने 481 अंकों के साथ परीक्षा में टॉप किया है। बीते तीन साल की बात करें तो उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का फीसद लगातार बढ़ता है।

# गंगोत्री और यमुनोत्री का सफर आसान होगा

सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नितिन गड़करी का आभार व्यक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। ऋषिकेश-धरासू हाइवे पर चंबा कस्बे में 440 मीटर लंबी टनल तैयार होने पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने बोर्डर रोड़ आर्गेनाईजेशन के अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों को भी बधाई इी है जिनकी कुशलता और अथक प्रयासों से यह सुरंग तैयार हुई है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल चम्बा कस्बे में जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि गंगोत्री और यमुनोत्री का सफर भी आसान होगा। इससे क्षेत्र को लोगों को बड़ी राहत मिलगी और वहां आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

कोविड-19 जैसी महामारी के समय हमारे बीआरओ के अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों ने इस टनल के निर्माण से देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। यह भी आत्मनिर्भर भारत का ही एक रूप है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in